
# पंजाब-हिमाचल को 5 करोड़ की मदद

- मुख्यमंत्री राहत कोष में भेजी बाढ़ राहत राशि
- हरियाणा सीएम सैनी ने कैबिनेट बैठक के बाद ने किया ऐलान



**चंडीगढ़ 08 सितंबर (वार्ता) हरियाणा सरकार ने हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश और बाढ़ से हुये नुकसान की भरपाई के लिए पांच करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है.**

यह राशि हिमाचल प्रदेश मुख्यमंत्री राहत कोष में भेजी गयी है. इससे पहले, हरियाणा सरकार ने जम्मू-कश्मीर और पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए भी पांच-पांच करोड़ रुपये की सहायता दी थी. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यह जानकारी एक अनौपचारिक कैबिनेट बैठक के बाद मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान दी. उन्होंने सभी मंत्रियों, विधायकों और समर्थित विधायकों से एक महीने की तनख्वाह मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी राहत कोष में दान करने की अपील की, ताकि बचाव और पुनर्वास कार्यों को गति मिले और प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत प्रदान की जा सके.




**प्रयागराज में श्मशान और कब्रिस्तान में पहुंचा बाढ़ का पानी**

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में गंगा और यमुना के तटवर्ती इलाकों में स्थित घरों के साथ साथ शमशान और कब्रिस्तान भी अब बाढ़ की जद में आ गए हैं. रसूलाबाद शमशान घाट पूरी तरह से जलमग्न है, अब यहां पर शवों का अंतिम संस्कार भी ठप हो गया है. वहीं बेली गांव का कब्रिस्तान भी बाढ़ की जद में आ गया है. कब्रिस्तान का मुख्य गेट आधा डूबा हुआ है, कब्रिस्तान के भीतर भी जल का तांडव दिख रहा है. मौजूदा समय में गंगा और यमुना खतरे के निशान से अभी करीब आधा मीटर दूर हैं, लेकिन उसके पहले ही तटवर्ती इलाकों में हाहाकार मच गया है. लोग सुरक्षित स्थानों पर जाने लगें हैं.

# ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट पर सोनिया का विरोध

**नई दिल्ली, 08 सितंबर (वार्ता). पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने ग्रेट निकोबार मेगा प्रोजेक्ट के फैसले का विरोध करते हुये कहा है कि इससे द्वीप पर रहने वाले आदिवासी समुदाय और वहाँ की विशिष्ट प्रकृति को भारी नुकसान पहुंचेगा.**



गांधी ने एक समाचार पत्र में एक लेख के जरिए केन्द्र सरकार पर निशाना साधा है कि इस मेगा प्रोजेक्ट की मंज़ूरी से लेकर इसके निर्माण के फ़ैसले तक में द्वीप पर रह रहे आदिवासियों के हितों की अनदेखी की गयी है. गांधी ने ग्रेट निकोबार मेगा प्रोजेक्ट पर गंभीर सवाल उठाए हुए लिखा कि इस प्रोजेक्ट पर हजारों करोड़ रुपये खर्च होंगे, जिससे इससे द्वीप पर रहने वाले आदिवासी समुदाय और वहां की अनोखी प्रकृति को भारी नुकसान पहुंचेगा. उन्होंने लिखा कि पिछले ग्यारह वर्षों में अधूरे नीति-निर्माण किये गये हैं. इस सुनियोजित श्रृंखला में नवीनतम है -ग्रेट निकोबार मेगा-इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजना, जिस पर होने वाला 72,000 करोड़ रुपये का बेतहाशा और गलत खर्च द्वीप के मूल आदिवासी समुदायों के अस्तित्व के लिए खतरा पैदा करता है.

> यह दुनिया की सबसे अनोखी वनस्पतियों और जीवों में एक के लिए खतरा है,. यह क्षेत्र प्राकृतिक आपदाओं के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है. फिर भी इस प्रोजेक्ट को असंवेदनशीलता से आगे बढ़ाया जा रहा है, जिससे सभी कानूनी और विचार-विमर्श प्रक्रियाओं का मज़ाक उड़ाया जा रहा है. ग्रेट निकोबार में दो जनजातियां रहती हैं निकोबारी और शोमपेन. निकोबारी लोग 2004 की सुनामी में पहले ही अपने मूल स्थान को छोड़ने पर मजबूर हुये थे. गांधी ने आरोप लगाया यह प्रोजेक्ट उनके दोबारा विस्थापित के सपने को खत्म कर देगा.

# आंगनबाड़ी सेविकाओं का मानदेय 9 हजार रु.

## चुनावी तोहफा : नीतीश सरकार ने किया बड़ा ऐलान

**पटना, 8 सितंबर.बिहार सरकार ने आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं का मानदेय बढ़ाने का निर्णय लिया है.**

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले नीतीश कुमार की सरकार ने बड़ा तोहफा आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका को दिया है. नीतीश सरकार ने बिहार में आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं का मानदेय बढ़ाने का निर्णय लिया है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट कर इसका ऐलान किया है. कुमार ने एक्स पर लिखा, राज्य में बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के पोषण एवं जीवन स्तर में सुधार करने में आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं की



महत्वपूर्ण भूमिका है. उनकी इसी भूमिका का सम्मान करते हुये सरकार ने उनके मानदेय में वृद्धि करने का निर्णय लिया है. उन्होंने कहा, अब आंगनबाड़ी सेविका का मानदेय सात हजार रूपये से बढ़ाकर नौ हजार रूपये तथा आंगनबाड़ी सहायिका का मानदेय चार हजार रूपये से बढ़ाकर चार हजार पांच सौ रूपये करने के लिये विभाग को निदेशित किया गया है.

> नीतिश ने कहा नवम्बर 2005 में सरकार बनने के बाद से ही हमलोगों ने गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के पोषण तथा स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिये बड़े पैमाने पर काम किया है तथा इसके लिये समेकित बाल विकास परियोजना के माध्यम से 6 प्रकार की सेवा प्रदान की जा रही हैं. उन्होंने कहा इनको आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से लाभुकों को उपलब्ध कराने में आंगनबाड़ी सेविकाएं एवं सहायिकाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं.

# बाढ़ से जूझ रहे पंजाब व हिमाचल प्रदेश के दौरे पर आज जाएंगे मोदी

**नई दिल्ली 08 सितम्बर. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भीषण बाढ से जूझ रहे हिमाचल प्रदेश और पंजाब में हालात का जायजा लेने तथा राहत और पुनर्वास कार्यों की समीक्षा के लिए मंगलवार को इन दोनों राज्यों के दौरे पर जायेंगे.**

मोदी पहले हिमाचल प्रदेश जायेंगे और बाढ तथा भूस्खलन से प्रभावित जिलों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे. दोपहर को वह कांगड़ा पहुंचेंगे और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक में स्थिति की समीक्षा करेंगे. प्रधानमंत्री बाढ से प्रभावित लोगों तथा राहत और बचाव अभियानों में लगे राष्ट्रीय और राज्य आपदा मोचन के बलों तथा आपदा मित्रों



के दलों के साथ भी बात करेंगे। इसके बाद वह पंजाब रवाना हो जायेंगे जहां वह बाढ प्रभावित जिलों का हवाई सर्वेक्षण करने के बाद गुरदासपुर में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में जमीनी हालात की समीक्षा करेंगे. पंजाब में भी वह बाढ से प्रभावित लोगों तथा राहत और बचाव अभियानों में लगे राष्ट्रीय और राज्य आपदा मोचन के बलों तथा आपदा मित्रों के दलों के साथ भी बात करेंगे.

# चंडीगढ़ में लागू हुआ हरियाणा ओबीसी आरक्षण कानून

**चंडीगढ़ 08 सितंबर (वार्ता).** केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए हरियाणा पिछड़ा वर्ग अधिनियम, 2016 को अब केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में भी लागू कर दिया है. चंडीगढ़ प्रशासन के सभी विभागों, उच्च शैक्षणिक, तकनीकी और मेडिकल संस्थानों सहित सरकारी अनुदान प्राप्त संस्थाओं में ओबीसी वर्ग के उम्मीदवारों को अब 27 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा. इस कानून के लागू होने के बाद, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के छात्रों और अभ्यर्थियों को न केवल सरकारी नौकरियों में बल्कि विभिन्न उच्च शिक्षा एवं व्यावसायिक संस्थानों में प्रवेश के दौरान भी आरक्षण का लाभ सुनिश्चित होगा.

# राजस्थान विधानसभा में कांग्रेस का हंगामा, कार्यवाही दो बार स्थगित

जयपुर 08 सितंबर (वार्ता). राजस्थान विधानसभा में विपक्ष कांग्रेस विधायकों के सोमवार को कानून व्यवस्था के मुद्दे को लेकर जोरदार हंगामें के साथ आसन की तरफ बढ़ने पर मार्शल बुलाने पड़े और सदन की कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक स्थगित करनी पड़ी. सदन में शून्यकाल में स्थगन प्रस्ताव पर विधायक अपनी बात रख रहे थे इस दौरान कांग्रेस के सदस्य प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर अपनी जगहों पर खड़े हो गए और वेल में आकर नारेबाजी करने लगे जिससे सदन में शोरगुल हुआ. विपक्षी सदस्यों के राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी एवं हंगामें और शोरगुल के बीच सदन की कार्यवाही चलती रही. इस दौरान कांग्रेस के कुछ सदस्य नियम 295 के तहत अपनी बात नहीं रख पाये और वह हंगामा करते रहे. विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने हंगामा कर रहे सदस्यों को अपनी जगह पर बैठने का आग्रह किया लेकिन वे नहीं माने. बाद में बारह बजकर 51 मिनट पर कांग्रेस के सदस्य नारेबाजी करते हुए आसन की तरफ बढ़ने लगे. इस पर श्री देवनानी ने मार्शल बुला लिए और उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया. इस दौरान कांग्रेस की विधायक रीटा चौधरी आगे आई और आसन की तरफ बढ़ने का प्रयास किया लेकिन महिला मार्शलों ने उन्हें भी रोक दिया. हंगामा जारी रहा व बाद देवनानी ने 12 बजकर 54 मिनट पर सदन की कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक स्थगित कर दी.

# नेता हैं तो मोटी होनी चाहिए चमड़ी : एससी


**नई दिल्ली.** उच्चतम न्यायालय ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के खिलाफ दायर एक याचिका को खारिज कर दिया, जो 2024 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान उनके भाषण से संबंधित थी. यह याचिका प्रदेश भाजपा की ओर से दायर की गई थी, जिसमें उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई थी. मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई, न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति अतुल एस चंदुरकर की पीठ ने याचिका पर हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए कहा, हम बार-बार कह रहे हैं कि इस अदालत का इस्तेमाल राजनीतिक लड़ाई के लिए न करें. अगर आप नेता हैं, तो आपकी चमड़ी मोटी होनी चाहिए.

# पैसा लेकर की जाती थी नियुक्तियां : योगी

**लखनऊ, 8 सितंबर (वार्ता) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन की प्रक्रिया आज नए उत्तर प्रदेश की नई तस्वीर है. पहले एक परिवार के लोग पैसा लेकर भर्ती करते थे.**

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएससी) द्वारा नवचयनित 1,112 कनिष्ठ सहायकों एवं 22 एक्स-रे टेक्नीशियनों के नियुक्ति-पत्र वितरण के लिये आज लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने यह बातें कहीं. मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता को लूटते थे. जांच की जाएगी, तो बहुत सारे ऐसे महाभारत के रिश्ते बाकी का जीवन जेल में ही बिताने के लिए मजबूर होंगे. उन्होंने कहा कि नौजवानों को आज प्रदेश के अंदर नौकरी की गारंटी मिली है. हर योग्य व्यक्ति को आगे बढ़ाने के लिए सरकार तेजी के साथ कार्य कर रही है. अयोध्या के आदित्य पाठक ने कहा सीएम की वजह से हम सभी निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया का हिस्सा बन पा रहे हैं. सरकार सुरक्षा से लेकर रोजगार देने तक संवेदनशील है. महिलाओं को भी बड़ी तादाद में नियुक्तियां दी गई हैं.

> इतनी बड़ी संख्या में नियुक्ति की प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संपन्न हो रही है. उन्होने कहा कि सरकार की प्राथमिकता का ही परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश आगे बढ़ रहा है. अब तक लगभग 80 लाख से अधिक लोगों ने आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की सुविधा का लाभ लिया है. कार्यक्रम के दौरान नियुक्ति पत्र पाने वाली श्रद्धा शुक्ला ने कहा पहले की सरकारों में नियुक्ति के लिए रिश्वत देनी पड़ती थी, लेकिन आज नियुक्ति सिर्फ काबिलियत के दम पर मिलती है. सरकारी नौकरी के लिए रिश्वत गुजरे जमाने की बात हो गई. मुख्यमंत्री जी ने पारदर्शी प्रक्रिया से नियुक्ति देकर उत्तम प्रदेश का नया मार्ग बनाया है. इस नौकरी के लिए सिफारिश या एक रुपये रिश्वत भी नहीं देनी पड़ी.



# बच्चों की तस्करी करने वाला गिरोह में डॉक्टर समेत 10 गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 08 सितंबर.** दक्षिण-पूर्व दिल्ली की विशेष अन्वेषण टीम ने बच्चों के अपहरण और तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है. इस गिरोह में शामिल आगरा के एक डॉक्टर समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने सराय काले खां बस अड्डे से अगवा किए गए छह महीने के बच्चे को मात्र 48 घंटे के भीतर आगरा से सकुशल बरामद कर लिया. इसके अलावा गिरोह द्वारा तस्करी किए गए पांच अन्य बच्चों को भी विभिन्न स्थानों से ढूंढकर बचाया गया है. मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष स्टाफ व थाना सनलाइट कॉलोनी की संयुक्त टीम बनाई गई.

# स्टीफन की पुस्तक में मेनका की आलोचना

- देश में आवारा कुत्तों की समस्या को बढ़ाने का आरोप

**तिरुवनंतपुरम, 8 सितंबर (वार्ता) मानवाधिकार कार्यकर्ता साबू स्टीफन ने अपनी नई पुस्तक में भाजपा नेता और पशु अधिकार कार्यकर्ता मेनका गांधी की तीखी आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि वह अपनी नीतियों के जरिए देश में आवारा कुत्तों की समस्या को बढ़ा रही हैं जिसकी वजह से मानव जीवन खतरे में है.**

ह्यूमन सैक्रिफाइसेज बीफोर गॉडेस मेनका गांधी शीर्षक नाम से स्टीफन की पुस्तक उच्चतम न्यायालय में एक दशक से चली आ रही कानूनी लड़ाई पर



आधारित है. वह विभिन्न सुनवाइयों के दौरान व्यक्तिगत रूप से याचिकाकर्ता और वकील के रूप में उच्चतम न्यायालय में उपस्थित रहे हैं. अंग्रेजी संस्करण की पुस्तक को गूगल बुक्स पर जारी किया गया, जबकि मलयालम संस्करण अमेज़न किंडल डायरेक्ट पब्लिशिंग पर उपलब्ध है.

> उनका तर्क है कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन का अधिकार मनुष्यों पर भी लागू होता है और भारत में 61 कानून ऐसे हैं जो आवारा कुत्तों को मारने व उन पर नियंत्रण करने की अनुमति देते हैं. उन्होंने 25 वर्षों से अधिक समय से चल रहे पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम को प्रशासनिक मूर्खता करार दिया. साथ ही दावा किया कि आवारा कुत्तों के हमले केंद्र व राज्य सरकारों के समर्थन से किए राज्य प्रायोजित हत्याओं के बराबर हैं. उन्होंने बताया कि स्वयं महात्मा गांधी ने भी आवारा कुत्तों के खत्म करने का समर्थन किया था.

## एक नजर में



### इजरायली सेना के हमले में गाजा में लोग मारे

**गाजा, 08 सितंबर (वार्ता).** गाजा पट्टी में इजरायली सेना द्वारा कम से कम 50 फिलिस्तीनी मारे गए हैं. फिलिस्तीनी सरकारी समाचार एजेंसी वाफा ने यह जानकारी अपनी रिपोर्ट में दी है. वाफा के अनुसार रविवार को मारे गये लोगों में से 46 लोग परिक्षेत्र के उत्तरी भाग के निवासी थे. गाजा नागरिक सुरक्षा प्रवक्ता महमूद बसल ने एक बयान में कहा कि रविवार सुबह से इजरायली सेना ने 50 से ज्यादा इमारतों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है और 100 अन्य को आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया है, जिनमें हज़ारों नागरिकों के आवास वाली ऊँची इमारतें भी शामिल हैं. बसल ने इस दिन को 18 मार्च के बाद से 'युद्ध के सबसे कठिन दिनों में से एक' बताया. इस बीच, इज़राइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में कहा है कि उसने गाजा शहर में एक और ऊँची इमारत पर हमला किया. इसका इस्तेमाल हमास ने किया था. आईडीएफ ने कहा, हमास के आतंकवादियों ने इलाके में आईडीएफ सैनिकों की स्थिति पर नज़र रखने के लिए खुफिया जानकारी जुटाने वाले उपकरण लगाए थे और निगरानी चौकियाँ स्थापित की थीं.

### अलवर सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी

**अलवर, 08 सितम्बर (वार्ता).** राजस्थान में अलवर के मिनी सचिवालय को एक बार फिर बम से उड़ाने की सोमवार को धमकी मिली है. ऐसा तीसरी बार हुआ है. जिला प्रशासन के सरकारी मेल पर इसकी सूचना भेजी गयी है कि दो बजे तक कार्यालय को खाली कर दें, वरना यह बम से उड़ा दिया जायेगा. इसके बाद मिनी सचिवालय को सुरक्षा घेरे में ले लिया गया. मिनी सचिवालय में तलाशी ली जा रही है. कर्मचारियों को बाहर निकाला गया है और हर कमरे की तलाशी ली जा रही है. विशेष बल बुला लिया गया है तथा साइबर शाखा से मेल की जांच कराई जा रही है. अतिरिक्त जिला कलेक्टर बीना महावर ने बताया कि पिछली बार भी दो मेल मिले थे, जो चेन्नई से ताल्लुक रखते थे, अभी चेन्नई कोयंबटूर से यह मेल आया है. किसी मुबीन साहिन नाम के व्यक्ति द्वारा भेजा गया है, जिसने मेल भेजा है, वह खुद को नक्सली बता रहा है और तमिलनाडु के किसी सेक्स रैकेट का जिक्र किया है. उन्होंने बताया कि हमने पहले भी जांच करायी थी, जिसमें कुछ नहीं मिला. अभी जो मेल प्राप्त हुआ है, उसकी भाषा भी इस तरह की है. उच्चाधिकारियों को तथ्यों से अवगत करा दिया गया है. कार्मिकों की सुरक्षा प्राथमिक लक्ष्य है, ऐसे में सुरक्षा की दृष्टि से जांच कराई जा रही है. सभी अधिकारी मौके पर हैं. डॉग स्क्वायड और मेटल डिटेक्टर से मिनी सचिवालय की जांच कराई जा रही है. उधर, इस धमकी के बाद हड़कंप मच गया है. मिनी सचिवालय के दोनों द्वार बंद कर दिये गये.

# कवि-सम्मेलन और शिक्षकों का सम्मान




**हावड़ा 8 सितंबर. शिक्षक दिवस के उपलक्ष में हावड़ा की संस्था प्रेमलता प्रसाद फाउंडेशन के तत्वावधान में कवि-सम्मेलन एवं शिक्षकों को सम्मानित करने कार्यक्रम का आयोजन किया.**

कार्यक्रम सोहनलाल देवरालिया बालिका विद्यालय, लिलुओ में आयोजित किया गया. इस अवसर पर में प्रख्यात कवि डॉ. अभिज्ञात, डॉ. विमलेश त्रिपाठी और उर्दू की प्रसिद्ध शायरा नगमा नूर ने अपनी कविताओं का पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया. कार्यक्रम के सत्र में हावड़ा जिले के हिन्दी, बांग्ला, उर्दू के शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लगभग दो सौ शिक्षकों को सम्मानित किया गया. प्रेमलता प्रसाद फाऊंडेशन के संस्थापक सीए राजेश प्रसाद ने कवियों एवं शिक्षकों का स्वागत करते हुए कहा कि इस फाउंडेशन का उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य एवं समाज की बेहतरी के लिए काम करने के साथ साहित्य को भी लोगों तक पहुंचाना है. विदित हो कि पिछले वर्षों के दौरान इस फाउंडेशन ने समाज सेवा के क्षेत्र में लगातार योगदान दिया है. पूरे कार्यक्रम का संचालन विमलेश त्रिपाठी ने किया, जिसमें सहयोगी के रूप में संजय चौधरी, उमेश त्रिपाठी, सीताराम सहित संस्था से जुड़े अन्य सदस्य व पदाधिकारी भी शामिल हुए.

## आज का इतिहास

1776 कॉन्टिनेंटल कांग्रेस ने आधिकारिक तौर पर नए राष्ट्र के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका नाम अपनाया, जिसने संयुक्त उपनिवेश शब्द को प्रतिस्थापित किया।

1828 प्रसिद्ध रूसी लेखक लियो टॉलस्टॉय का जन्म हुआ।

1920 एंग्लो-ओरिएंटल कॉलेज को अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में बदल दिया

1939 द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान नाजी सेना वर्साय पहुंची।

1948 उत्तर कोरिया आधिकारिक तौर पर एक साम्यवादी राज्य बन गया, जिसमें डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक कोरिया की स्थापना हुई, जिसके नेता किम इल-सुंग बने।

# जापान के सत्ताधारी दल में प्रधानमंत्री पद के लिए घमासान

**टोक्यो 08 सितंबर (वार्ता). जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के पद से इस्तीफा देते ही जापान के सत्ताधारी दल लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) में प्रधानमंत्री पद के लिए घमासान शुरू हो गया है.**

पूर्व विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी ने सोमवार को इस पद के लिए अपना इरादा जाहिर करते हुए कहा कि वह अपना सारा राजनीतिक अनुभव देश और पार्टी के सेवा के लिए समर्पित करने हेतु कृत-संकल्प हैं. क्योदो न्यूज ने पार्टी सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि मंत्रिमंडलीय मुख्य सचिव योशिमासा हयाशी ने भी इस पद की उम्मीदवारी के लिए दावा किया है. रिपोर्ट के अनुसार



एलडीपी मंगलवार को चुनाव के लिए मतदान की प्रक्रिया का निर्धारण करेगी. उल्लेखनीय है कि श्री मोतेगी और -हयाशी दोनों ने पिछली बार भी प्रधानमंत्री पद के लिए दावेदारी की थी. मोतेगी एलडीपी पॉलिसी प्रमुख के रूप में काम कर चुके हैं. इन दो दिग्गजों के अलावा अन्य दावेदारों में पूर्व आर्थिक सुरक्षा मंत्री साने ताकाइची और कृषि मंत्री शिंजिरो कोइज़ुमी भी शामिल हैं.

# मोदी पर खरगे का बयान राष्ट्रहित के विरुद्ध : मुख्यमंत्री साय

**रायपुर, 08 सितंबर (वार्ता). छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'देश का दुश्मन' बताने वाले विवादित बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि यह बयान न केवल निंदनीय है बल्कि राष्ट्रहित के विरुद्ध भी है.**

उन्होंने कहा कि श्री खरगे को अपने इस बयान के लिए पूरे देश की जनता से माफी माँगनी चाहिए. ने सोमवार को कहा कि मोदी जी देश के दुश्मन नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की आशाओं और आकांक्षाओं के संरक्षक हैं. उन्होंने कहा कि आज देश साक्षी है कि प्रधानमंत्री मोदी जी सबका साथ,



सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र के साथ भारतवासियों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं. प्रधानमंत्री जी का पूरा जीवन देशवासियों की सेवा को समर्पित है. वे दिन-रात 140 करोड़ भारतीयों की चिंता करते हैं और उनके लिए नई योजनाएं, सुधार और कार्यक्रम लागू करते हैं. यही कारण है कि भारत ने वैश्विक मंच पर अभूतपूर्व मान-सम्मान अर्जित किया है.

## पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को पंजाबियों की चिंता

# सरकार ने पीड़ितों के लिए खोला खजाना : केजरीवाल

**नईदिल्ली, 08 सितंबर. आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि पंजाब की आप सरकार ने बाढ़ की त्रासदी से जूझ रहे लोगों के लिए खजाना खोल दिया है.**

केजरीवाल ने आज कहा कि आज तक देश की किसी भी राज्य सरकार ने अपने लोगों के लिए इतने बड़े ऐलान नहीं किए. अस्पताल में बीमार हालत में भी पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को पंजाबियों की चिंता है. उन्होंने अपने एलान में सबका ख्याल रखा है. उन्होंने कहा पंजाब पर कुदरत की बहुत बड़ी मार पड़ी है.



ऐसे समय में पंजाबियों ने हौसले, हिम्मत, भाईचारे और निस्वार्थ सेवा की मिसाल दी है. आप के सभी नेता और कार्यकर्ता भी लोगों के बीच कई दिनों से रात दिन सेवा कर रहे हैं. पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान साहब ने लोगों को बाढ़ से राहत दिलाने के लिए कई बड़े ऐलान किए हैं. ये ऐलान ऐतिहासिक हैं. आज तक देश की किसी भी सरकार ने अपने लोगों के लिए इतने बड़े ऐलान नहीं किए. पंजाब का खजाना बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए खोल दिया गया है. उन्होंने कहा कार्यकर्ता को ये सुनिश्चित करना है कि कैसे भगवंत मान का हर ऐलान जनता तक पहुंचे. इस बीच आप के वरिष्ठ नेता एवं पंजाब के प्रभारी मनीष सिसोदिया ने भी बाढ़ पीड़ितों के लिए श्री मान के ऐतिहासिक एलान की जमकर तारीफ की. उन्होंने कहा पंजाब के हरमन प्यारे मुख्यमंत्री भगवंत मान आज फिर पंजाबियों के सच्चे हमदर्द बनकर सामने आए हैं.

> उन्होंने कहा मान ने आज जो ऐतिहासिक फ़ैसले बाढ़ पीड़ितों के लिए लिए हैं, वैसा देश के इतिहास में शायद ही किसी सरकार ने किया हो. मक़सद एक ही है- हर घर, हर किसान, हर मज़दूर को राहत पहुंचे. ये है पंजाब के बेटे का परिवार के लिए अटूट प्यार और सेवा का भाव. उल्लेखनीय है कि पंजाब के सीएम ने बाढ़ पीड़ितों के लिए कई बड़ी घोषणाएं की. इन घोषणाओं के मुताबिक, 20 हजार प्रति एकड़ मुआवजा किसानों को मिलेगा.